

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

ग्वालियर|| वर्ष : 03 अंक:45 | ग्वालियर शुक्रवार, 14 फरवरी 2020 पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



## एक नजर

### खुशखबरः लोन हुआ सस्ता बैंकों ने घटाई ब्याज दर

**नई दिल्ली एजेंसी।** एचडीएफसी और एसबीआई के बाद अब इलाहाबाद बैंक ने भी मार्जिनल कॉस्ट ऑफ लेंडिंग रेट में कटौती कर दी है। इससे ग्राहकों को फायदा होगा क्योंकि अब उन्हें सस्ते में लोन मिलेगा।

**इतना कम हुआ एमसीएलआरः** इलाहाबाद बैंक ने विभिन्न परिपक्वता अवधि के लिए एमसीएलआर में 0.05 फीसदी की कटौती कर दी है। नई दरें 14 फरवरी से लागू हो रही हैं। इस संदर्भ में बैंक ने बीएसई से कहा कि एक साल की परिपक्वता अवधि वाले कर्ज का एमसीएलआर अब 8.30 फीसदी से कम होकर 8.25 फीसदी पर आ गया है।

**एचडीएफसी ने की इतनी कटौतीः** एचडीएफसी ने एमसीएलआर में 15 बीपीएस तक की कटौती की थी। बैंक की वेबसाइट के अनुसार, नई दरें सात दिसंबर 2019 से लागू हो गई हैं। कटौती के बाद छह महीने का एमसीएलआर अब आठ फीसदी हो गया है। इसमें 10 बीपीएस की कटौती की गई है।

### नारायण मूर्ति के दामाद बने ब्रिटेन के नए वित्त मंत्री

**वर्ल्ड डेस्क एजेंसी।** भारतीय मूल के राजनेता ऋषि सुनक को बृहस्पतिवार को ब्रिटेन का नया वित्त मंत्री नियुक्त किया गया। सुनक इंफोसिस के सह संस्थापक नारायण मूर्ति के दामाद हैं। उनकी शादी मूर्ति की बेटी अक्षता से हुई है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने पाकिस्तान मूल के साजिद जाविद के वित्त मंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद अपने मंत्रिमंडल में यह फेरबदल किया। जॉनसन मंत्रिमंडल में सुनक भारतीय मूल के दूसरे अहम मंत्री हैं। भारतीय मूल की ही प्रीति पटेल ब्रिटेन की गृह मंत्री हैं। साजिद ने अप्रत्याशित रूप से हाल ही में पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी। दिसंबर 2019 में हुए आम चुनाव में जॉनसन के नेतृत्व में कंजरवेटिव पार्टी भारी कामयाबी के साथ दोबारा सत्ता में आई है। हैंपशायर में जन्मे 39 वर्षीय सुनक वर्ष 2015 से रिचमंड (यॉर्कशायर) के सांसद हैं।



### दिल्ली दौरे पर सीएम कमलनाथ

**भोपाल ए।** मुख्यमंत्री कमलनाथ अपने दिल्ली दौरे में कई कंपनियों के एमडी से राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस करेंगे, 14 फरवरी को होने जा रही ये कॉन्फ्रेंस प्रदेश में निवेश का नया अध्याय शुरू कर सकती है। एमपी इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन इस बैठक का आयोजन कर रहा है, इस कॉन्फ्रेंस में टेक्सटाइल और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की मुख्य कंपनियां शामिल होंगी, मुख्य सचिव एसआर मोहंती उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव राजेश राजौरा समेत प्रदेश के आला अधिकारी इसमें शामिल होंगे। इस राउंट टेबल कॉन्फ्रेंस में दो सत्र होंगे और हर एक में 50 कंपनी हिस्सा लेंगी, ग्रासिम, डाबर इंडिया, हल्दीराम, टेक्स्को इंडिया जैसी कंपनियों के कर्ताधर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री सीधे चर्चा करेंगे।



### गिलानी के निधन की अफवाह, कश्मीर में एक बार फिर इंटरनेट सेवा बंद

**जम्मू ।** हुर्रियत कांफ्रेंस (जी) के चेयरमैन नेता सैयद अली शाह गिलानी के निधन की अफवाह फैलने के बाद बुधवार देर रात कश्मीर में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई। कश्मीर के आयुक्त बशीर अहमद खान ने बताया कि गिलानी के पुत्र नसीम गिलानी ने फोन पर बताया कि बताया कि सैयद अली शाह गिलानी स्वस्थ और घर पर हैं। स्किम्स के चिकित्सक ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया है। खान ने कहा कि इस तरह की अफवाहें पूरी तरह आधारहीन हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश

# उम्मीदवारों का आपराधिक रिकॉर्ड जनता को बताएं राजनीतिक दल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राजनीतिक दलों को निर्देश दिया है कि वे अपनी वेबसाइट पर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के चयन के कारणों को अपलोड करें। अदालत ने यह फैसला इसलिए दिया है क्योंकि पिछले चार राष्ट्रीय चुनावों में राजनीति के अपराधीकरण में काफी ज्यादा वृद्धि देखने को मिली है। शीर्ष अदालत का कहना है कि राजनीतिक पार्टियों को 48 घंटे के भीतर अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया पर विवरण अपलोड करना अनिवार्य होगा। पार्टियों को चुनाव आयोग को 72 घंटे के भीतर ब्यौरा देना होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने राजनीतिक दलों को अखबारों, सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म्स और अपनी वेबसाइट पर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के चयन का कारण बताते हुए वेबसाइट पर उनका परिचय पत्र, उपलब्धियां और उनके अपराध का विवरण प्रकाशित करने का भी निर्देश दिया है। उच्चतम न्यायालय का कहना है कि यदि राजनीतिक दल आदेश का पालन नहीं करते हैं तो वह अवमानना के उत्तरदायी होंगे। अदालत ने चुनाव आयोग से कहा है कि यदि राजनीतिक पार्टियां आदेश का पालन करने में विफल रहती हैं तो वह अदालत में अवमानना याचिका दायर करे। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि उम्मीदवारों का चयन करने का कारण योग्यता के आधार पर होना चाहिए, न कि जीतने के आधार पर। जीतने की काबिलियत तर्कसंगत नहीं हो सकता। अदालत ने यह फैसला वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय और अन्य द्वारा दायर अवमानना याचिकाओं पर सुनाया है।



### खड़े ट्राले से टकराई डबल डेकर लग्जरी बस, 16 लोगों की मौत

**फिरोजाबाद.** उत्तर प्रदेश में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बुधवार रात डबल डेकर बस ने सड़क किनारे खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 यात्री घायल हैं। इनमें तीन की हालत गंभीर है। बस दिल्ली से बिहार के मोतिहारी जा रही थी। इसमें बस चालक और कंडक्टर समेत करीब 50 यात्री सवार थे। हादसा फिरोजाबाद और इटावा जिले की सीमा पर भदान गांव के पास हुआ। एसएसपी सचिंद्र पटेल ने बताया कि एक्सप्रेस वे पर एक ट्रक पंक्चर हो गया था। उसका ड्राइवर सड़क किनारे ट्रक खड़ा करके पहिया बदल रहा था। रात 10 बजे तेज रफ्तार बस ने पीछे से टक्कर मार दी।



### भोपाल रेलवे स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज गिरा, 9 से ज्यादा लोग घायल

**भोपाल एजेंसी।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां 2 और 3 नंबर प्लेटफार्म को जोड़ने वाला फुटओवर ब्रिज का एक हिस्सा अचानक नीचे आ गिरा, जिसमें 9 लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्टेशन पर भगदड़ की स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और यात्रियों को वहां से हटाया। घायलों को रेलवे के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। घटना वाले स्टेशन से ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई है। घटना में रेलवे की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। यहां कुछ लोगों ने पहले इस बात की सूचना दी थी कि फुटओवर ब्रिज जर्जर हो चुका है। लेकिन इसमें कोई सुधार नहीं किया गया। यह बात सामने आ रही है कि यात्री इसी ब्रिज के नीचे बैठे थे, तभी वो मलबा नीचे गिरा और सभी चिल्लाने लगे। इसके बाद से ब्रिज से गुजर रहे लोग भी पीछे की ओर भागे और नीचे उतर आए।

### कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद पंचायत के चुनाव की घोषणा

**श्रीनगर ए.** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने गुरुवार को राज्य में सभी ब्लॉक के रिक्त पदों के लिए पंचायत चुनाव कराने की घोषणा कर दी है। जम्मू में 4 चरणों में और कश्मीर में 8 चरणों में चुनाव होंगे। चुनाव 5 मार्च से 20 मार्च तक होगा। 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने और जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश में बदलने के बाद यह पहला चुनाव होगा। जम्मू-कश्मीर के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) शैलेंद्र कुमार ने गुरुवार को कहा- चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। जहां-जहां चुनाव होंगे, वहां यह लागू होगी। मतदान के लिए बैलेट पेपर का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा- पहले चरण का चुनाव 5 मार्च, दूसरे चरण का 7 मार्च, तीसरे चरण का 9 मार्च, चौथे चरण का 12 मार्च, पांचवे चरण का 14 मार्च, छठे चरण का 16 मार्च, सातवें चरण का 18 मार्च और 8वें चरण का चुनाव 20 मार्च को होगा।

## कोलकाता में दौड़ेगी देश की पहली अंडर वाटर मेट्रो

**कोलकाता एजेंसी।** देश में सबसे पहले मेट्रो सेवा शुरू कर इतिहास रचने वाला कोलकाता आज फिर एक नया इतिहास रचने को तैयार है। कोलकाता में पहली मेट्रो सेवा 1984 में ही शुरू हो गई थी, इसका सिलसिला 21वीं सदी में भी जारी है। रेल मंत्री पीयूष गोयल बुधवार को कोलकाता ईस्ट-वेस्ट मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद शुक्रवार (14 फरवरी) को इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इस मेट्रो सेवा सी सबसे बड़ी खासियत है कि यह अंडर वाटर यानि पानी के नीचे बनी सुरंग में चलेगी। साथ ही यह देश की सबसे सस्ती



रेल मंत्री पीयूष गोयल पहले फेज का करेंगे उद्घाटन

मेट्रो सेवा होगी। यह लाइन 15 किलोमीटर की होगी। पहले लाइन में छह किलोमीटर लंबी लाइन की शुरुआत होने जा रही है।

**न्यूनतम किराया मात्र पांच रुपयेः** इस मेट्रो में एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक जान का किराया मात्र पांच रुपये होगा। रेट चार्ट के अनुसार दो किलोमीटर तक के लिए पांच रुपये, पांच किलोमीटर तक 10 रुपये, 10 किलोमीटर तक 20 रुपये और फिर अंतिम स्टेशन तक के लिए यात्रियों को 30 रुपये चुकाने होंगे। मेट्रो में यात्रियों को कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। यह प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर और डिटेक्शन सिस्टम जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगी। मेट्रो रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि जल्दी ही कोलकाता की जनता के लिए यह सेवा बढ़ाकर 12 किलोमीटर तक की जाएगी।

**देश की पहली अंडर वाटर मेट्रोः** मेट्रो रेलवे के सीपीआरओ इंद्राणी बनर्जी ने बताया कि ईस्ट-वेस्ट मेट्रो भारत की पहली अंडर वाटर मेट्रो होगी।

### अब मप्र में भी महिलाओं के लिए अनिवार्य होगा हेलमेट



**भोपाल ए.।** मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य में महिलाओं एवं 12 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए भी हेलमेट अनिवार्य करने पर सहमति जाहिर की है.सरकार की तरफ से हाईकोर्ट में पेश किए गए जवाब में हेलमेट की अनिवार्यता को सैद्धांतिक सहमति दी गई है. इस संबंध में जल्द ही मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन की संभावना है. हाईकोर्ट ने सरकार को 4 मार्च तक जवाब पेश करने का वक्त दिया है.बता दें कि भोपाल के छात्र हिमांशु दीक्षित ने जनहित याचिका दायर कर महिलाओं के लिए हेलमेट पहनने को अनिवार्य करने की मांग की थी ।

#### कांग्रेस के शून्य पर अपने कर रहे सवाल पर

### ज्योतिरादित्य बोले-सोच और रणनीति बदलनी होगी



**नई दिल्ली एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में फिर से एक भी सीट हासिल नहीं करने वाली कांग्रेस पर अब अपने ही सवाल उठाने लगे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी को बदलना होगा। सिंधिया ने कहा, हमारी पार्टी के लिए यह बहुत ही निराशाजनक है। नई विचारधारा और नई कार्यप्रणाली की आपात जरूरत है। देश बदल गया है, इसलिए हमें भी नए तरीके से सोचना होगा और देश के लोगों से संपर्क करना होगा। गौरतलब हो कि उनसे पहले हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दिल्ली चुनाव में कांग्रेस प्रभारी पीसी चाको पर सवाल खड़े किए थे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद पार्टी के अंदर की कलह खुलकर सामने आने लगी। मंगलवार को नतीजे आने के बाद प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद बुधवार दोपहर कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश प्रभारी पीसी चाको ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष शर्मिष्ठा मुखर्जी ने चिदंबरम के बयान पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी को बंद करने की सलाह दे डाली।

#### अमित शाह ने दिल्ली चुनावों की हार स्वीकारी, कहा-

### देश के गद्दारों... जैसे बयानों से हुआ नुकसान



**नई दिल्ली एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की हार को स्वीकार कर लिया है। एक कार्यक्रम के दौरान शाह ने कहा कि वे दिल्ली चुनावों में हम अपनी हार को स्वीकार करते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की हार को स्वीकार कर लिया है। एक कार्यक्रम के दौरान शाह ने कहा कि वे दिल्ली चुनावों में हम अपनी हार को स्वीकार करते हैं। अमित शाह ने यह भी माना कि प्रचार के दौरान आक्रामक बयानों से उन्हें नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, देश के गद्दारों को... जैसे बयान नहीं दिए जाने चाहिए थे। इस तरह के बयानों से पार्टी को नुकसान हुआ है।

#### पार्टी अध्यक्ष नड्डा ने मनोज तिवारी को किया तलब

**नई दिल्ली ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अपेक्षाकृत जीत नहीं मिल पाने के कारण नतीजों के बाद से ही पार्टी में खलबली मची हुई है। गुरुवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष मनोज तिवारी के साथ बैठक की।

### कड़ाके की ठंड के बाद अब भयंकर गर्मी के आसार



**नई दिल्ली एजेंसी।** फरवरी का महीना आने के साथ ही अब गर्मी का अहसास भी होने लगा है। जहां जनवरी में पूरा उत्तर भारत भयंकर ठंड झेलता रहा, अब गर्मी के कहर की आशंका सताने लगी है। 13 फरवरी का तापमान अन्य दिनों के मुकाबले कुछ ज्यादा ही महसूस हुआ। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि इस बार गर्मी पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ सकती है। ऐसे में फिर वही सवाल उठ रहा है कि क्या गर्मी पुराने रिकॉर्ड तोड़ देगी। ऐसे हालात में गौर करते हैं विशेषज्ञों की रिसर्च और उनकी ओर से दिए गए लगातार संदेशों की जिसने हर मोड़ पर हमें चेताया है। हाल ही में आईआईटी खड़गपुर ने लंबे अध्ययन में सचेत किया कि भारतीय गांवों की अपेक्षा शहरों में ज्यादा गर्मी बढ़ रही है। देश के गांवों के मुकाबले शहर ज्यादा गर्म हो रहे हैं। इस समस्या को वैज्ञानिकों की भाषा में अर्बन हीट आइलैंड कहा जाता है। यह खुलासा आईआईटी खड़गपुर के शोधकर्ताओं ने 16 साल तक देश के 44 शहरों में रिसर्च के बाद किया है। आईआईटी के मुताबिक ये गर्मी भविष्य के लिए बहुत बड़ा खतरा हो सकती है। हालांकि पुणे, कोलकाता, गुवाहाटी जैसे शहरों में हरियाली के कारण गर्मी कुछ हद तक काबू में है।

## मौत के सौदागर कोरोनावायरस ने भारत समेत दुनिया को डराया

**नई दिल्ली एजेंसी।** मौत के सौदागर कोरोनावायरस को विश्व स्वास्थ्य संगठन (ङ्घ॥ह्र) ने आतंकवाद से अधिक खतरनाक बताया है और इसकी गंभीरता को देखकर आपात संक्रमण घोषित कर दिया है। कोरोना वायरस के संक्रमण ने भारत को भी डरा दिया है। नेपाल में 100 से अधिक लोगों में कोरोनावायरस पॉजिटिव पाया गया है। मालदीव, भूटान, म्यांमार की सरकारों में भी इसकी दहशत देखी जा सकती है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भारत ने पड़ोसियों से लगती सीमा पर जांच, पड़ताल काफी बढ़ा दी है। राजनयिक सूत्र बताते हैं कि चीन की स्थिति बेहद चिंता जनक है। अधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक चीन में 1500 के करीब लोगों की मौत हो चुकी है। 30 हजार से अधिक लोग इसकी चपेट में हैं। गैर आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक चीन में मरने वालों की



संख्या हजारों में है।

**भारत में मंत्रियों ने की समीक्षा = तैयारी उच्चस्तर पर :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्ष वर्धन के नेतृत्व में कोरोनावायरस के संक्रमण से पैदा हुई स्थिति से निबटने के लिए मंत्रियों के समूह की बैठक हुई। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर, शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय समेत अन्य मौजूद थे। बैठक में कोरोना वायरस, इससे उत्पन्न स्थिति, भारत में संभावित खतरों एवं बचाव के उपाय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीयों को लेकर चिंता, चीन से आयातित दवाओं और अन्य सामान समेत अन्य पहुलओं पर चर्चा हुई। मंत्रियों ने कोरोना वायरस को लेकर की जा रही सावधानी समेत अन्य पर भी प्रकाश डाला। माना जा रहा है कि कोरोना वायरस का असर भारतीय अर्थव्यस्था पर भी गहराने के संकेत हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### कृष्ण सुदामा की मित्रता आदर्श मित्रता आजकल बना वटी का दौर है व्यास कल्याण चंद।।

**रिपोर्टर धीरज ओझा**

बैराड़। मनुष्य को सदैव मन में बुरे विचार वासना नशा एवं घमंड से दूर रहना चाहिए यह सभी मनुष्य के जीवन को नर्क बना देते हैं इन चारों से मनुष्य का मान सम्मान एवं समृद्धि तो जाती ही है उसके साथ उसके जीवन में दुखों के पहाड़ आ जाते हैं उक्त उद्गार ठाकुर बाबा मंदिर पर मां हिंगलाज भक्त मंडल एवं सर्व समाज द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास नानौरा धाम के महंत पंडित कल्याण चंद व्यास द्वारा उपस्थित श्रोताओं से कहे। सप्तम दिवस विश्राम दिवस पर श्री कृष्ण सुदामा मित्रता की कथा सुनाते हुए व्यासपीठ से उपस्थित महिला पुरुष श्रोताओं को बताया कि मनुष्य को जीवन में मित्रता कृष्ण सुदामा जैसी करना चाहिए जो एक दूसरे के लिए समर्पित रहे। आजकल होने वाली मिलावटी मित्रता से दूर रहना चाहिए। महाराज द्वारा गाये सुंदर भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य के साथ आनंद लिया।

### अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

**भिण्ड,ब्यूरो।** शहर कोतवाली पुलिस ने बस स्टेण्ड के पीछे अवैध रूप से शराब बेचते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को बुधवार की रात करीब 10.30 बजे जरिए मुखबिर सूचना मिली कि बस स्टेण्ड के पीछे स्थित झुग्गी-झोंपड़ी के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है। तभी मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी नीलेश धानुक निवासी प्रायवेट बस स्टेण्ड के पीछे भिण्ड को पकड़कर उसके कब्जे से 20 क्वार्टर देशी मदिरा कीमत 1050 रुपए के जब्त किए हैं।

### अवैध हथियार सहित एक दबोचा

**भिण्ड,ब्यूरो।** देहात थाना पुलिस ने अवैध हथियार लेकर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से कट्टा एवं कारतूस जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार थाना पुलिस को बुधवार की शाम सूचना मिली कि अटेर रोड स्थित मुड़ियाखेड़ा चौराहे पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में किसी बारदात की नियत से घूम रहा है। सूचना उपरांत पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 315 बोर का एक कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस जब्त किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम सम्मी उर्फ श्यामू श्रीवास पुत्र सुभाष कुमार श्रीवास निवासी शराब फैक्ट्री के पास मुड़ियाखेड़ा बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### अज्ञात ने किए सोने-चांदी के जेवरात पार

**भिण्ड,ब्यूरो।** मौ थाना क्षेत्र के ग्राम रुपावई में बने एक घर से अज्ञात चोरों ने मौका पाकर सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने की घटना को अन्जाम दे दिया है। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार फरियादी रामेश्वरदयाल शर्मा पुत्री लक्ष्मीनारायण शर्मा निवासी ग्राम रुपावई बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात अपने घर में सो रहा था, तभी अज्ञात चोरों ने मौका पाकर घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात कुल कीमत 65 हजार रुपए चोरी कर मौके से फरार हो गए। जब फरियादी ने घर का सामान बिखरा देखा तो घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण गायब मिले। घटना की जानकारी फरियादी ने पुलिस को दी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर से अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर तलाश शुरु कर दी है।

### एसपी महेशचंद्र जैन ने किया पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) इंदौर का कार्यभार ग्रहण



इंदौर(अर्पित गुप्ता) दिनांक 12 फरवरी 2020- नवागत पुलिस अधीक्षक श्री महेशचंद्र जैन जी द्वारा आज दिनांक 12.02.2020 को इन्दौर के पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) इंदौर का कार्यभार संभाला। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक इंदौर (शहर) श्रीमती रूचि वर्धन मिश्र, पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) इंदौर श्री सूरज कुमार वर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश गोस्वामी ने नवागत पुलिस अधीक्षक श्री महेशचंद्र जैन को एसपी (पश्चिम) इंदौर का कार्यभार प्रदान किया गया।

### ग्वालियर से लेकर आलमपुर तक आरटीओ विभाग की बड़ी कार्यबाही

दबोह(मोहित गोस्वामी)। ग्वालियर से लेकर आलमपुर तक वाहन चालकों में मचा हड़कंप, सम्भागीय उपायुक्त एके सिंह व ग्वालियर आरटीओ एमपी सिंह ने चलाया सघन चैकिंग अभियान,यहां बता दें कि सम्भागीय उपायुक्त एके सिंह व ग्वालियर आरटीओ एमपी सिंह ने ग्वालियर से लेकर आलमपुर तक चेकिंग अभियान चलाया जिस दौरान उन्होंने आलमपुर में चेंकिंग के दौरान तकरीबन दो लाख रुपये का जुर्माना बसूला वहीं उन्होंने करीब दस लाख रुपये के बसूली प्रकरण बनाये।इस दौरान ग्वालियर आरटीओ ने बताया कि मप्र में सघन चैकिंग अभियान चल रहा है जिसके चलते हम सुबह ग्वालियर से शुरू हुए और आलमपुर पहुंचे उन्होंने बताया कि बिना परमिट व नियमो की अनदेखी करने वालो वाहनों पर कार्यवाही की गई है।।

# मेहगाँव फसल ऋण माफी कार्यक्रम में 2198 किसान भाईयों का 15 करोड़ से अधिक का फसल ऋण हुआ माफ

## मंत्री डॉ गोविन्द सिंह ने मेहगाँव में किसानों को ऋण माफी तथा किसान सम्मान पत्र का किया वितरण



मेंहगांव। भिण्ड जिले में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी जय किसान फसल ऋण माफी योजना के दूसरे चरण में ऋण माफी की राशि किसानों के खाते में जमा करने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। जिले में लाभान्वित किसानो को तहसील स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर ऋण माफी तथा किसान सम्मान पत्र का वितरण किया जा रहा है। इसी सिलसिले में गुरुवार को जिले के मेहगाँव में सहकारिता, संसदीय कार्य एवं सामान्य प्रशासन मंत्री डॉ गोविन्द सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक ओपीएस भदौरिया की अध्यक्षता में समारोह आयोजित किया गया है। उन्होंने जय किसान फसल ऋण माफी योजना के द्वितीय चरण की द्वितीय किस्त अंतर्गत भिण्ड जिले की समस्त तहसीलों के कुल मिलाकर 2 हजार 198 किसानों का 15 करोड़ से अधिक के ऋण माफी के प्रमाण पत्र वितरित किये। जिले में इस योजना के अन्तर्गत दूसरे चरण में अब तक भिण्ड जिले के 3 हजार 998 किसानों का 27 करोड़ 86 लाख रूपये से अधिक का ऋण माफ किया गया है।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिण्डोलिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष जयश्रीराम बघेल, कलेक्टर छोटेसिंह, सीईओ जिला पंचायत आईएस ठाकुर, एसडीएम मेहगांव गणेश जायसवाल, एसडीएम भिण्ड इकबाल मोहम्मद, जिला एवं जनपद पंचायतो के सदस्यगण, सरपंच, सचिव, किसान भाई, पत्रकार, अन्य जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सहकारिता, संसदीय कार्य एवं सामान्य प्रशासन मंत्री डॉ गोविन्द सिंह ने कहा कि प्रदेश में जय किसान फसल ऋण माफी योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना का पहला चरण संपन्न हो चुका है। पहले चरण में भिण्ड जिले के 26 हजार 477 किसान लाभान्वित हुए हैं। इनका 86 करोड़ 69 लाख रूपये का ऋण माफ किया जा चुका है। उन्होंने बताया की जय किसान फसल ऋण माफी योजना के दूसरे चरण में भिण्ड जिले में अब तक 3998 किसानों का 27 करोड़ 86 लाख रूपये से अधिक का ऋण माफ हुआ है। मंत्री डॉ गोविन्द सिंह कहा कि आज इस कार्यक्रम से जिले की समस्त तहसीलों के कुल 2198 किसान भाइयों का 15 करोड़ से अधिक का फसल ऋण माफ किया जाकर उन्हें ऋण माफी प्रमाण पत्र ,किसान सम्मान पत्र एवं नो ड्यूज का वितरण भी किया जा रहा है।मंत्री श्री ने बताया की अभी तक भिण्ड जिले के 30 हजार किसानो का 114 करोड़ से अधिक का ऋण माफ हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश ही नहीं देश में अपने तरह की अनूठी योजना है। डॉ सिंह ने कहा कि प्रदेश में किसानों के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेकर उनका प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 300 से बढ़ाकर 600 रूपये प्रतिमाह की गई है। मंत्री डॉ गोविन्द सिंह ने कहा कि आपकी सरकार आपके द्वार के माध्यम से सुशासन लाया जा रहा है। ग्रामीणों की समस्याएं अब स्थानीय स्तर पर ही निराकृत हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो कहा है वह किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा दिये गये सभी वचन कारगर रूप से पूरे किये जा रहे हैं। प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम दिलवाने के पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शुद्ध के लिये युद्ध अभियान चलाया जा रहा है।



## शिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**भिण्ड,ब्यूरो।** अपर कलेक्टर अनिल कुमार चांदिल की अध्यक्षता में शिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार कंचन, एसडीएम भिण्ड इकबाल मोहम्मद, जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती अर्चना परिहार, एसडीओ पीडब्ल्यूडी पीके शर्मा, सीएमओ नगर पालिका सुरेन्द्र शर्मा, सहित समिति सदस्यगण, पत्रकारगण उपस्थित थे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि वनखण्डेश्वर मंदिर, कोटेश्वर मंदिर के अलावा जिले में जहां-जहां शिव मंदिर है,वहां साफ-सफाई, प्रकाश की व्यवस्था कराई जाए। अपर कलेक्टर अनिल कुमार चांदिल ने सीएमओ सुरेन्द्र शर्मा को निर्देशित किया कि शहर में रोड पर साफ-सफाई, मंदिर के पास जहां-जहां कांवर चढाई जाती है, वहां पर प्रकाश व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने कहा कि अभी सात दिवस का समय है, इस अवधि में अभियान चलाकर पूरे शहर में साफ-सफाई एवं चौक नालियों की सफाई कराई जाए। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि शहर में जहां-जहां शिव बारात निकलेगी वहां पर विद्युत तार लटके हुए है उनको पूरी तरह से ठीक कराए।

### जैन समाज के पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव के साथ होंगे कई कार्यक्रम

**रिपोर्टर धीरज ओझा**

बैराड़। नगर परिषद बैराड़ के जैन समाज द्वारा नवनिर्मित जैन मंदिर पर आगामी 21 फरवरी से 26 फरवरी तक विशाल पंचकल्याणक प्रतिष्ठा समारोह के साथ गजरथ महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन 21 फरवरी से कलश यात्रा एवं गर्भ कल्याणक/ पूर्व रूप/ के साथ प्रारंभ होगा। दूसरे दिन 22 फरवरी को गर्भ कल्याणक उत्तर रूप 23 फरवरी को जन्म कल्याणक 24 फरवरी को तप कल्याणक 25 फरवरी को ज्ञान कल्याणक एवं 26 फरवरी को मोक्ष कल्याणक गजरथ फेरी एवं मंदिर में संपूर्ण बिम्ब विराजमान कार्यक्रम आयोजन के साथ प्रतिदिन अभिषेक शांति धारा पूजन मंगल प्रवचन आरती धर्म सभा कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जैन मंदिर पर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा समारोह आचार्य मुनि श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य सुब्रत सागर जी महाराज के सानिध्य में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा आचार्य बा. ब्र. संजय भैया जी मुरैना एवं अंशु भैया जी कोलारस द्वारा प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा।

## ट्रैफिक पुलिस व मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में चला सघन चैकिंग अभियान

### स्कूली बसों सहित दस वाहनों के काटे चालान, बसूला शमन

**भिण्ड,ब्यूरो।** गुरुवार की सुबह आठ बजे ट्रैफिक पुलिस और मजिस्ट्रेट पैनल ने संयुक्त रूप से शहर कोतवाली के पास इंदिरागाँधी चौराहे पर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें स्कूली बसों सहित करीबन दस वाहनों के चालान मजिस्ट्रेट टीम ने काटे तथा 13 वाहनों के चालान यातायात प्रभारी के नेतृत्व में काटे गये।



यातायात प्रभारी आदित्य मिश्रा से मिली जानकारी के अनुसार लगभग सुबह आठ बजे से 11 बजे तक शहर कोतवाली के पास इंदिरागाँधी चौराहे पर मजिस्ट्रेट पैनल के साथ यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से दल-बल के साथ चैकिंग अभियान चलाया जिसमें मुख्य उद्देश्य स्कूली बसों को चैक किया गया, जो स्कूली बसें सीटर से अधिक बच्चों को स्कूल ले जा रहीं थी उन बसों के चालान काटकर कार्रवाई को अंजाम दिया गया, इस दौरान मजिस्ट्रेट पैनल ने करीबन दो स्कूल बसों व कुल दस वाहनों के यातायात नियमों को धता दिखाते पकड़े जाने पर चालान काटे व उनसे शमन बसूला। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने भी यातायात नियमों को तोड़ने वाले लगभग 13 वाहन चालकों के चालान काटे गये जिनसे 5250 रूपये का शमन बसूला।

लहार रोड़ पर बना ऑटो स्टेण्ड पर काफी दिनों से हाथ ठेले लग रहे थे, जिससे इस मार्ग पर आने वाले ऑटो इधर-उधर रूककर यातायात व्यवस्था को बिगाड़ रहे थे, जिसको आज यातायात प्रभारी आदित्य मिश्रा ने अपने दल-बल के साथ अतिक्रमण से ऑटो स्टेण्ड को मुक्त कराकर ऑटो रूकने का स्थाई स्टैण्ड बनाया। और ऑटो संचालकों से सख्त हिदायत दी कि स्टेण्ड से पहले कहीं भी ऑटो रोका तो आप सभी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाये।

## दतिया को पॉलिथिन मुक्ति करने में सहयोग करें-धनंजय मिश्रा



दतिया (ब्यूरो)। समाज सेवी राजू त्यागी द्वारा चलाये जा रहे पोलिथिन मुक्त दतिया अभियान के तहत गुरूवार को उनाव रोड पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत धनंजय मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओंमकार सोनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में निशा जहॉ एवं धृति जादौन उपस्थित रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने कहा कि दतिया को हम तभी पॉलिथिन मुक्ति कर सकते है जब समस्त नगरवासियों एवं व्यापारियों का पूर्ण सहयोग मिलें। पॉलिथिन गाँव से लेकर शहर तक पर्यावरण को दूषित कर रही है जिस का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

### अनिमितताओं से घिरा सिद्धपुरा इण्टर कॉलेज एवं महाविद्यालय

दबोह(मोहित गोस्वामी)। दबोह क्षेत्र के ग्राम सिद्धपुरा में संचालित अनिसुचित जनजाति इण्टर कॉलेज व अम्बेडकर महाविद्यालय में संचालक के द्वारा भारी अनिमितताओं को अंजाम दिया जा रहा है उक्त आरोपो को लेकर संस्था में पदस्थ एक शिक्षक अनिरुद्ध कुमार गुर्जर ने एक लिखित शिकायती आवेदन भिंड जिलाधीश महोदय को दिया आवेदन अनुसार बताया गया है कि इण्टर कॉलेज में शासन के द्वारा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क अध्ययन कराने का प्रावधान है परंतु फिर भी संस्था के संचालक देव सिंह यादव द्वारा छात्र-छात्राओं से 2500 से लेकर 3000 रुपये फीस लेते है वही इण्टर कॉलेज क्रमांक-2 दबोह जिसका भवन बना हुआ है फिर भी संचालक के द्वारा शासन से भवन किराया बसूल किया जाता है यहाँ बता दे कि अनिसुचित जाति शिक्षा प्रसार समिति के द्वारा ये दोनों इण्टर कॉलेज संचालित किए जाते है जिसमे संचालक के परिबार के लोग ही सदस्य बनाये गये है।

### पुलिस थाना एमआईजी व्दारा रिपोर्ट होने के 6 घंटे के अंदर ही आरोपी सहित चोरी गया मशरुका किया बरामद

इंदौर(अर्पित गुप्ता)दिनांक 12 फरवरी 2020- वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संपत्ति सम्बन्धी अपराधो, चोरी / नकबजनी के प्रकरण मे आरोपियो की पतारशी हेतु प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के तारतम्य मे थाना एम आई जी के अपराध क्रं 71/20 धारा *454,380 भादवि के आरोपी की पतारसी माल की बरामदगी हेतु थाना प्रभारी इन्द्रेश त्रिपाठी द्वारा एक टीम गठित कर योजनाबद्ध तरीके से लगाया गया। चूंकि चोरी दिन में हुई थी अतः चोरी में किसी परिचित के होने का संदेह था .. टीम द्वारा आज दिनांक को मुखविर कि सूचना पर आरोपी चिराग पिता शैलेश वर्मा निवासी 18/1 नेहरू नगर इन्दौर को पाटनीपुरा चौराहे से गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मश्रुका सोने का हार ,दो कान की चैन , सोने की दो झुमकी , एक मंगलसूत्र कीमती क़रीब 2लाख रुपए जप्त कर आरोपी को जेल दाखिल किया गया।उक्त सराहनीय कार्य को करने मे उनि सीमा शर्मा, प्रआर 779 अनिल पाटिल, आर 3431 राघवेन्द्र ,की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कलयुग में अच्छी सन्तान से बढ़कर कोई खजाना नही है-मिथलेश दास जी महाराज



दबोह(मोहित गोस्वामी)। श्री नारसिंह मन्दिर मुरावली में आयोजित शिव शक्ति एवम सहस्त्र चण्डी महायज्ञ में देवी पुराण कथा में प्रथम दिवस ब्यास मिथलेश दास जी महाराज वृन्दावन धाम ने कहा कि कुपुत्र का माता पिता होने से अच्छा है कि पुत्र ही न हो यदि हमारी सन्तान कुपुत्र निकल गई तो पितरो को भी मुक्ति नही मिल पाती है,कुपुत्र मरने के बाद भी अपने पितरो को नही छोड़ता है आज कल हम लोग रोजाना अपने संस्कारो को भूलते चले जा रहे है और अपने बच्चों को टेलीबिजन व् मोवाइलो में ब्यस्त करते चले जा रहे हैं।तुलसी एक औषधि है तुलसी का पौधा अपने घरो में लगाओ रामायण का पाठ करने की आदत डालो जिनके घरो में सुपुत्र है वो माता पिता को किसी खजाने से कम नही है वह माता पिता धन्य हैं क्यों कि सुपुत्र परोपकार करता है और अपने माता पिता के साथ साथ कुल का उद्धार करता है माता पिता की सेवा से बड़कर कोई धर्म व् कर्म नही होता है आप चाहते हो की ईश्वर प्रशन्न हो जाये तो हमे आज से ही अपने माता पिता की सेवा करना आरम्भ कर देना चाहिये।यहां बता दे कि नारसिंह सरकार सिद्ध गुफा मुरावली में दैविक,भौतिक,तापिक बढ़ाओ को नष्ट करने के लिए विश्व शांति जनकल्याण शांति के लिए 12 फरवरी से 21 फरबरी तक 108 कुंडीय विशाल शिवशक्ति एवं सहस्त्रचंडी महायज्ञ चल रहा है।वही इस महायज्ञ में रात्रि में रामलीला का भी आयोजन किया जा रहा है।वहीं गुरुवार का भंडारा जसवंत सिंह कौरव(पूर्व आरटीओ)के द्वारा दिया गया जिसमें हजारों की सँख्या में भक्तगणों ने प्रसादी ग्रहण की।साथ ही बता दे कि महायज्ञ में यज्ञाचार्य प.श्री हरिहर जी त्रिवेदी,कथावाचक प.श्री मिथलेशदास जी महाराज श्रीधामवृंदावन औरेया वाले,वेदाचार्य डॉ.श्री भैरवदत्त त्रिवेदी है वहीं पारिक्षतो में प्रधान पारीक्षत रीनुदेवी-रणजीत सिंह कौरव लम्बरदार मुरावली, देवीपुराण पारीक्षत सुमनदेवी-रुस्तम सिंह कौरव लंबरदार अमाह,सहस्त्रचण्डी पारीक्षत रामसखी-अनन्त सिंह चौधरी अमाहा-मुरावली,रुद्राभिषेक पारीक्षत गिरजा देवी-जगमोहन शर्मा फरदुआ यज्ञ में पारीक्षत बनाये गए है।वहीं नारसिंह महाराज के चरणसेवक के रूप में रामखिलौने सोनी भगत जी व संजू भगत सिंह शामिल है।

# शासकीय भूमि पर चल रहा था अवैध अवैध उत्खनन,एसडीएम ने की छापामार कार्यवाही

## एसडीएम ने मौके से 1 जेसीबी व 5 ट्रैक्टर पकड़े





**दबोह( मोहित गोस्वामी)**

लहार एसडीएम ओमनारायण सिंह ने बुधवार की शाम दबोह आलमपुर मार्ग पर जगदीशपुरा गांव से अवैध उत्खनन करते हुए एक जेसीबी व पांच टैक्टरो को मौके से धर दबोचा,विस्तार से जानकारी के लिए यहां बता दें कि बीते रोज ऊर्जा मंत्री के द्वारा दबोह को बड़े विधुत सब स्टेशन की सौगात मिली थी जिसके सब स्टेशन बनने वाली भूमि को एसडीएम लहार मौके पर देखने पहुंचे थे जिस दौरान उन्हें रास्ते मे तेज रफ्तार से दौड़ रहे ट्रैक्टर दिखे जब उनका पीछा किया गया तो पाया कि वहां पर मिट्टी का अवैध उत्खनन जोरो से जेसीबी के द्वारा मय पांच ट्रैक्टरो से चल रहा था जिस दौरान एसडीएम ने मौके पर ही एक जेसीबी व पांचो ट्रैक्टरों को पकड़ कर उन्हें जप्त कर दबोह थाना परिसर में रखवाया।यहां बता दें कि यह अवैध उत्खनन शासकीय भूमि पर किया जा रहा था जिस दौरान मौके पर कई हरे भरे पेड़ भी कटे हुए मिले हैं।यहां बताना मुनासिब होगा कि एसडीएम लहार की कार्यप्रणाली से उत्खनन माफियाओ में हड़कंप मच गया है परन्तु अब देखना यह है कि क्या रेत के उत्खनन पर भी एसडीएम महोदय कार्यवाही करने में सफल होते हैं या नही..!

**इनका कहना**

1-एसडीएम महोदय के द्वारा अवैध उत्खनन पर कार्यबाही की है,वहीं एसडीएम महोदय के निर्देशन में क्षेत्र में चल रहे रेत के अवैध उत्खनन पर भी कार्यवाही की जाएगी।।

**राजेन्द्र मौर्य**
**नायब तहसीलदार दबोह**

### ग्राम टोड़ा करैरा में होगा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

करैरा(अर्पित गुप्ता)। तहसील से 5 किलोमीटर दूर हाईवे पर स्थित ग्राम टोडा करैरा में भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।

टूर्नामेंट प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ 16 फरवरी रविवार को प्रातः 10:00 बजे होगा। जिसमें मुख्य अतिथि पर्यावरण प्रेमी राजा भैया परिहार, विशिष्ट अतिथि अंकुर पेंटर (राष्ट्रीय संयोजक भारतीय कलाकार संघ), कवि शिवम यादव (प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी भारतीय कलाकार संघ मध्य प्रदेश), रूपेंद्र यादव काली पहाड़ी, अरुण यादव (छेवला खिरिया) इंदौर, सहित क्षेत्र के सभी युवा साथी मौजूद रहेंगे।टूर्नामेंट का आयोजन ग्राम टोडा करेरा में गिर्राज ढाबा के सामने, हाईवे से 500 मीटर अंदर गुलटा रोड,श्री खदई बाबा खेल मैदान,टोड़ा करैरा पर किया जाएगा। यह आयोजन ग्राम के सभी क्रिकेट प्रेमी युवा साथियों के सहयोग से किया जा रहा है आयोजक मंडल ने अधिक से अधिक क्रिकेट प्रेमी युवाओं को अपनी टीम के साथ उपस्थित होने का अनुरोध किया है।।

# राष्ट्रीय आकांक्षा है भव्य मंदिर निर्माण

– ए. सूर्यप्रकाश

आखिरकार सदियों की प्रतीक्षा पूरी होने जा रही है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी हो गई हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले के अनुरूप राम मंदिर निर्माण का दायित्व पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने %श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र नाम से ट्रस्ट के गठन का एलान कर दिया और गृहमंत्री ने इस ट्रस्ट के कुछ सदस्यों के नाम भी घोषित कर दिए। प्रधानमंत्री ने संसद में इस कदम को ऐतिहासिक बताया।

यहां पर यह ध्यान रहे कि अयोध्या में विवादित स्थल की जमीन हिंदुओं को सौंपने के साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को यह निर्देश भी दिया था कि वह इस निर्णय के तीन महीनों के भीतर मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट का गठन करे। उसने सरकार से यह भी कहा था कि वह ट्रस्ट या उसके जैसी कोई व्यवस्था करे, जो मंदिर निर्माण और उसके प्रबंधन के साथ ही ट्रस्टियों की शक्तियों एवं अधिकारों से जुड़े प्रावधान बनाए। अयोध्या में बाहरी एवं अंदरूनी चबूतरे का कब्जा ट्रस्ट को दिया जाना है। शेष अधिग्रहीत जमीन के विषय में केंद्र को अपने विवेक से फैसला करना था। उसने यह जमीन भी ट्रस्ट को देने का फैसला किया। इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया था कि अयोध्या में एक उचित स्थान पर सु?नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को पांच एकड़ जमीन आवंटित की जाए। फैसले के अनुसार केंद्र और राज्य सरकार को परस्पर परामर्श के जरिए निर्धारित अवधि में यह आवंटन करना था।

सरकार ने पिछले हफ्ते सर्वोच्च न्यायालय के इन सभी निर्देशों को पूरा कर दिया। जहां ट्रस्ट की आगामी बैठक में राम मंदिर निर्माण की तैयारियों पर बात होने जा रही है, वहीं यह अभी स्पष्ट नहीं कि सु?नी वक्फ बोर्ड पांच एकड़ जमीन को स्वीकार करने के लिए तैयार है या नहीं? जो भी हो, राम मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट का गठन वर्ष 1994 में केंद्र सरकार के वादे को ही पूरा करने जैसा है। सितंबर 1994 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव सरकार ने यह वादा किया था कि यदि बाबरी मस्जिद के नीचे हिंदू मंदिर के अवशेष पाए जाते हैं तो अधिग्रहीत जमीन हिंदुओं को वापस लौटा दी जाएगी। उस समय केंद्र सरकार ने यह प्रतिबद्धता जताई थी कि %यदि यह बात सामने आती है कि गिराए गए ढांचे से पहले वहां हिंदू मंदिर मौजूद था, तब सरकार हिंदू समुदाय के पक्ष में कदम उठाएगी। दूसरी ओर यदि यह सामने आता है कि अतीत के किसी कालखंड में वहां हिंदू मंदिर का अस्तित्व नहीं था, तब सरकार मुस्लिम समुदाय के पक्ष में निर्णय करेगी। इसके



करीब एक दशक बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यानी एएसआई को इससे जुड़े दावों-प्रतिदावों की पड़ताल करने का जिम्मा सौंपा गया। पुरातत्व सर्वेक्षण की जांच में ऐसे साक्ष्य सामने आए कि गिराई गई मस्जिद के नीचे स्तंभ और हिंदू मंदिर से जुड़े अन्य प्रतीक रहे हैं। इस दिशा में केंद्र सरकार द्वारा दिया गया आश्वासन एकदम स्पष्ट था, जिसमें किसी किस्म के किंतु-परंतु नहीं थे।

इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए केंद्र सरकार का यह शपथ-पत्र एक बहुत बड़ा जोखिम था, क्योंकि यह मसला हिंदुओं की उस मान्यता से जुड़ा था, जिसके अनुसार वे मानते हैं कि भगवान राम का जन्म इसी विवादित जगह पर ही हुआ। इसका अर्थ यह था कि हिंदुओं को इसके साक्ष्य पेश करने होंगे या फिर वे यह उम्मीद रखें कि ध्वस्त ढांचे के नीचे ऐसे साक्ष्य मौजूद हों। इससे भगवान राम के जन्मस्थान की साख को लेकर सवाल उठने का खतरा था। सीधे तौर पर देखा जाए तो यह पूरी तरह से अन्याय ही था, क्योंकि हिंदू आस्था को वैज्ञानिक साक्ष्यों की कसौटी पर कसा जाना था। यदि उसमें असफलता मिलती तो राम के जन्मस्थान पर उनका दावा छूट जाता।

यहां पर एक अहम सवाल यही उठता है कि क्या हिंदुओं को ऐसी स्थिति में फंसाना उचित था? फिर भी हिंदुओं ने सहिष्णु रवैया दर्शाते हुए इसे मंजूर कर लिया। ऐसी कोई और मिसाल दुनिया में कहीं और मिलना मुश्किल है। इसमें कुछ भी नतीजा निकल सकता था। इससे हिंदुओं की भावनाएं आहत हो सकती थीं, फिर भी हिंदुओं ने इसमें ताल से ताल मिलाई। जन्मस्थान पर अपनी आस्था से जुड़े पहलू पर शीर्ष अदालत के फैसले का भी उन्होंने पूरे धीरज के साथ इंतजार किया। अगर कभी भी किसी को हिंदू समुदाय के सेक्युलर लोकतांत्रिक पैमानों का साक्ष्य चाहिए तो यह उसका एक बड़ा उदाहरण होगा। बहरहाल, पीवी नरसिंह राव सरकार के शपथ-पत्र पर हिंदुओं का मौन और न्यायिक फैसले की धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा यही दर्शाती है कि बहुसंख्यक हिंदुओं के लिए संविधान हमेशा सर्वोपरि रहा।

आखिरकार अदालत इस नतीजे पर पहुंची, %हिंदुओं की आस्था और विश्वास यही है कि वे बाबरी मस्जिद के निर्माण के पहले से ही उस स्थान को भगवान राम का जन्मस्थान मानते आए हैं। इसी तरह सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को भारतीय मुसलमानों द्वारा स्वीकार करना भी हमारी लोकतांत्रिक ढांचे के लचीलेपन और संविधान की व्याख्या के मामले एवं ऐसे विवादों के निपटान में सुप्रीम कोर्ट की सर्वोच्चता में आस्था को ही दर्शाता है। यह हमारी संवैधानिक जीवनशैली का जीवंत स्वरूप भी है।

सदियों पुराने इस विवाद का हमारे संवैधानिक दायरे में निपटारा हमारी लोकतांत्रिक परंपराओं का अनुपम उदाहरण है और इस बात का भी कि एक लोकतंत्र के रूप में हम किस प्रकार उभरे और समृद्ध हुए हैं? इसका जश्न मनाया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने श्री राम जन्मभूमि पर आए निर्णय के बाद अपनी प्रतिक्रिया में इसका उल्लेख भी किया था कि भारतीयों ने लोकतांत्रिक रीति-नीति और प्रक्रियाओं में अनुकरणीय आस्था का प्रदर्शन किया। जब भी राम मंदिर बनकर तैयार होगा तब यह न केवल भारत की सभ्यता के गौरव, बल्कि लोकतंत्र एवं सौहार्द के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक होगा। इसे लेकर अब कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। दुनिया में अन्यत्र कहीं ऐसा उदाहरण मिलना असंभव है।ऐसे में कुछ विघ्नसंतोषियों की अनदेखी करना ही उचित है जिन्हें पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने खारिज कर दिया था और जो अपने निहित स्वार्थों के चलते हमारे लोकतंत्र को अवरुद्ध करने की कोशिशों में जी-जान से जुटे हैं, क्योंकि जनता उन्हें बार-बार नकार रही है। इस मामले में पश्चिमी मीडिया से लोकतंत्र पर भाषण सुनना और भी विचलित करने वाला है, जिसने दुनिया के साठ इस्लामिक देशों में अल्पसंख्यकों की दुर्दशा पर आवाज उठाने का कभी दम नहीं दिखाया।

## संपादकीय

# बड़े गुनाह की सज़ा

शासन-प्रशासन, समाज-मीडिया के आंख मूंद लेने के बाद टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज की विंग के सोशल ऑडिट में मुजफ्फरपुर आश्रय गृह का जो भयावह सच सामने आया था, उसे सुप्रीम कोर्ट की दखल के बाद किसी हद तक अंजाम तक पहुंचाया जा सका। एक एनजीओ सेवा संकल्प और विकास समिति तथा सत्ताधीशों के अपवित्र गठबंधन से चल रहे काले कारनामों का असली सच अभी सामने आना बाकी है, मगर दिल्ली की साकेत कोर्ट स्थित पॉस्को अदालत ने चालीस लड़कियों के यौन शोषण के मामले में मुख्य अभियुक्त ब्रजेश ठाकुर समेत बारह को उम्रकैद की सजा सुनाई है। ब्रजेश ठाकुर को अंतिम सांस तक जेल में रहना होगा। इस कांड के फरवरी, 2018 में उजागर होने पर पूरा देश स्तब्ध रह गया था।?हालांकि, बिहार के मुजफ्फरपुर में इस मामले में मई, 2018 के आखिरी दिन प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बिहार सरकार से हर साल एक करोड़ रुपये की ग्रांट हासिल करने वाले ब्रजेश ठाकुर का रुतबा ऐसा था कि जिस दिन मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई, उसी दिन उसे एक बड़ा टेंडर सरकार की तरफ से मिला। विडंबना ही है कि सरकार से जो ग्रांट बेसहारा व किस्मत की मारी लड़कियों के संरक्षण के लिये मिल रही थी, वहां उनका शारीरिक शोषण हो रहा था। अदालत ने ब्रजेश?समेत बारह लोगों को ?उम्रकैद की सज़ा सुनाई और 32 लाख का जुर्माना भी लगाया है। इस भयावह सच के उजागर होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वत- संज्ञान लेते हुए मामले को बिहार से दिल्ली स्थानांतरित करवाने के निर्देश दिये थे, अन्यथा इस मामले में शायद ही कभी दोषियों को सज़ा हो पाती। मीडिया में घुसपैठ बनाकर ब्रजेश ठाकुर इतनी बड़ी ताकत बन गया था कि बड़े राजनेता तक उसके सामने नतमस्तक थे। तभी आश्रय गृह में लगातार यौन शोषण व लड़कियों के गायब होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले के उजागर होने के बाद गवाहों पर दबाव बनाने से लेकर तथ्यों से छेड़छाड़ के इतने बड़े पैमाने पर प्रयास हुए कि बिहार के कई महिला संगठनों को अदालत की शरण में जाना पड़ा। बीच में मामले की जांच का नेतृत्व कर रहे सीबीआई के डीएसपी का तबादला हुआ। कई पीड़ित बच्चियों ने ग्यारह लड़कियों के लापता होने के बयान दिये थे। पटना में प्रेस कानफ्रेंस करके सीबीआई ने ग्यारह लड़कियों की हत्या होने की बात कही थी। बाकायदा खुदाई भी हुई और हड्डियां भी बरामद हुईं। मगर बाद की सीबीआई रिपोर्ट में हत्याओं का कोई जिक्र नहीं हुआ। किसी अपराधी को मृत्युदंड नहीं मिला। दरअसल, इस मामले में बिहार सरकार की उदासीनता को लेकर भी सवाल उठे। इस वीभत्स कांड में राजनेताओं की भूमिका की जांच नहीं हुई। यह संभव नहीं था कि राजनीतिक संरक्षण के बिना ब्रजेश ठाकुर यह खेल, खेल रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में बिहार के सभी आश्रय गृहों की जांच के आदेश दिये थे। जांच में सत्रह में से तेरह आश्रय गृहों में यौन शोषण और प्रताड़ना के मामले दर्ज किये गये। कुल 54 एनजीओ को काली सूची में डाला गया। सीबीआई ने बिहार के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर 25 जिला मजिस्ट्रेटों समेत 71 अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की सिफारिश की थी। ये आने वाला वक्त बतायेगा कि राज्य सरकार कितनी तत्परता और ईमानदारी से कार्रवाई करती है। विडंबना यह है कि मुजफ्फरपुर आश्रय गृह समेत सभी आश्रय गृहों की नियमित जांच का प्रावधान होने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, जिसमें एक न्यायिक अधिकारी, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी व सरकारी चिकित्सकों की नियमित जांच शामिल होती है, मगर किसी भी अधिकारी को इन आश्रय गृहों में कोई खामी नजर नहीं आई। कमोबेश यही स्थिति देश के विभिन्न राज्यों में स्थित आश्रय गृहों की भी हो सकती है।

# ट्रंप का भारत आगमन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा सुनिश्चित हो जाना यही स्पष्ट करता है कि दोनों देश अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वे असहमति वाले मसलों को सुलझाने के करीब भी पहुंच गए हैं। चूंकि ट्रंप एक ऐसे समय भारत आ रहे हैं, जब महाभियोग प्रक्रिया से मुक्त होने के बाद उनके दोबारा राष्ट्रपति बनने की संभावना बढ़ गई है, इसलिए यह तय है कि वह दोनों देशों की दोस्ती को एक नया आयाम देने के साथ ही दुनिया को यह संदेश देने का भी काम करेंगे कि अमेरिका की नजर में भारत की अहमियत कहीं अधिक बढ़ गई है। दुनिया को यह संदेश देने का काम तब होगा, जब कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने और नागरिकता संशोधन कानून को लेकर एक ओर जहां अंतरराष्ट्रीय मीडिया भारत के प्रति अपने दुराग्रह का प्रदर्शन करने में लगा हुआ है, वहीं कुछ देश भी भारत की आलोचना करने में जुटे हुए हैं। पता नहीं अमेरिकी राष्ट्रपति की भारत यात्रा इन आलोचकों के सुर बदलने का काम करेगी या नहीं, लेकिन विश्व समुदाय इससे और अच्छी तरह परिचित होगा कि मोदी के नेतृत्व वाले भारत को आतंरिक मामलों में दबाव में नहीं लिया जा सकता। इसकी पुष्टि इससे होती है कि कश्मीर मामले में मध्यस्थता के पाकिस्तान के राग पर अमेरिकी राष्ट्रपति अब यह कहने लगे हैं कि वह ऐसा तभी कर सकते हैं, जब भारत चाहेगा। निस्संदेह वह इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकते कि भारत ऐसा कभी नहीं चाहेगा और अनुच्छेद 370 हटने के बाद तो इसके आसार दूर-दूर तक नहीं।

# जनतंत्र में असहमति के सुर भी सुनें

विश्वनाथ सचदेव

हरियाणा और झारखंड के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने यह माहौल बनाने की कोशिश की थी कि उसे मिले या दिये गये समर्थन का मतलब राष्ट्रभक्ति मान लिया जाये। आश्चर्य ही है कि राष्ट्र-भक्ति की इस परिभाषा को मतदाता द्वारा नकारे जाने के बावजूद दिल्ली विधानसभा के चुनावों में भी भाजपा ने अपनी यह टेक नहीं छोड़ी। परिणाम सामने है। दिल्ली के मतदाता ने भी आम आदमी पार्टी के 'काम' के दावे को भाजपा के राष्ट्रभक्ति के 'फार्मूले' से अधिक महत्वपूर्ण माना है। चुनाव-परिणाम अप्रत्याशित नहीं है, और 'आप' की घटी हुई सीटों पर भाजपा में दिल्ली के मतदाता के विश्वास की बढ़त नहीं माना जा सकता।

सच तो यह है कि भाजपा के नेतृत्व को यह सोचना पड़ेगा कि सबके विकास की बात करने और विकास करके दिखाने में अंतर होता है। हालांकि, सिर्फ दिल्ली के चुनाव-परिणाम के आधार पर यह कहना भी पूरा सही नहीं होगा कि देश का मतदाता राष्ट्र-भक्ति के भाजपा के फार्मूले को पूर्णतया नकार चुका है, फिर भी इससे यह संकेत तो मिल ही जाता है कि स्थिति वैसी नहीं है जैसी भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व समझ रहा था। देखना यह है कि भाजपा इस संकेत का क्या अर्थ निकालती है।

जहां तक मतदाता की समझ का सवाल है, उसने अपनी राय साफ कर दी है। लेकिन इसका यह अर्थ भी नहीं है कि भाजपा के अभियान को कोई प्रतिसाद नहीं मिला। देखा जाये तो 'आप' के काम और भाजपा के 'शाहीन बाग', दोनों पर मतदाता की नज़र रही है और भाजपा को जितनी सफलता मिली है, उसमें इस 'शाहीन बाग' का निश्चित हाथ रहा है। बड़ी सोची-समझी रणनीति के तहत भाजपा के नेतृत्व ने चुनाव-प्रचार के आखिरी दौर में कथित राष्ट्र-भक्ति वाला यह दांव चला था। देश के मंत्रियों, भाजपा-शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और स्वयं प्रधानमंत्री ने मतदाताओं के ध्रुवीकरण का दांव चला था।

पिछले लगभग दो महीने से शाहीन बाग में प्रदर्शनकारी, विशेषकर महिलाएं, नागरिकता संशोधन कानून के विरुद्ध प्रदर्शन कर रही थीं। भाजपा के नेता तो इसके विरोध में बहुत कुछ बोल रहे थे, पर स्वयं प्रधानमंत्री ने एक रहस्यमय चुप्पी ओढ़ रखी थी। आखिरकार यह चुप्पी टूटी और उन्होंने 'संयोग' और 'प्रयोग' की आकर्षक शब्दावली में यह कहना ज़रूरी समझा कि 'इसके (शाहीन बाग समेत देश की कई जगहों पर हो रहे प्रदर्शन के) पीछे की राजनीति का एक ऐसा डिज़ाइन है जो राष्ट्र के सौहार्द को खंडित करने के इरादे रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्र-विरोधी ताकतें इस प्रदर्शन के पीछे हैं।

राष्ट्र-विरोधी ताकतों की यह बात हमारे प्रधानमंत्री पहले भी कहते रहे हैं। हरियाणा में हुए चुनाव के दौरान उन्होंने अपने प्रमुख राजनीतिक विरोधी दल और पाकिस्तान के बीच 'कैमिस्ट्री' की दुहाई दी थी। इसी तरह गुजरात के पिछले चुनावों के प्रचार के दौरान भी उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाया था कि वह पाकिस्तान के साथ मिलकर भाजपा को हराने की रणनीति बना रही है। सच तो यह है कि धर्म के आधार पर मतदाता को विभाजित करने की इस तरह की कोशिशें हमारी राजनीति का एक स्थायी भाव बनती जा रही हैं। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण भी है और खतरनाक भी। नागरिकता संशोधन कानून के संदर्भ में देश के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे आंदोलन को राष्ट्र-विरोधी गतिविधि कहकर न केवल अपने राजनीतिक विरोधियों पर आरोप लगाया जा रहा है, बल्कि इस समूचे आंदोलन को, कहना चाहिए विरोध की आवाज़ को, कठघरे में खड़ा किया जा रहा है।

होना तो यह चाहिए था कि इस जन-असंतोष को शांत करने के लिए भाजपा और सरकार, दोनों, ईमानदार कोशिश करते दिखाई देते, पर दिखा यह कि कोशिश असहमति की आवाज को दबा कर उसका राजनीतिक लाभ उठाने की हो रही है। भाजपा के नेताओं ने 'शाहीन बाग'में, चल रहे आंदोलन को क्या-क्या नहीं कहा—इसे पाकिस्तान-समर्थक बताया गया, राष्ट्र-विरोधी घोषित किया गया, शहरी नक्सलियों की करतूत नाम दिया गया। दिल्ली के शाहीन बाग की तर्ज पर देशभर में कई जगहों पर होने वाले आंदोलन की यह एक विशेषता रही है कि इसे राजनीतिक दलों का समर्थन भले ही रहा हो, पर प्रदर्शनकारियों के हाथों में झंडा तिरंगा ही था। नारे वे संविधान की रक्षा के ही लगा रहे थे। स्वयं प्रदर्शनकारी ही अपने नेता थे।

जनता के वोटों से चुनी हुई सरकार का दायित्व बनता था कि वह जनता की इस आवाज़ को सुनती। समस्या के समाधान की दिशा में ईमानदार कोशिश करती दिखाई देती। आखिर एक कानून के प्रति अपने संदेहों का इज़हार ही तो कर रहे थे ये लोग। संदेह के निराकरण के बजाय, प्रदर्शनकारियों के इरादों पर सवालिया निशान लगाकर चुनावी लाभ उठाने की यह नीति जनतांत्रिक मूल्यों का नकार है। प्रधानमंत्री या गृहमंत्री न सही, सत्तारूढ़ पार्टी का कोई अन्य बड़ा नेता ही चला जाता प्रदर्शनकारियों को समझाने। आखिर वे देश के नागरिक ही तो हैं जो जनवरी की ठंडी रातों में खुले आसमान के नीचे अपनी चिंताओं की पोटली लेकर बैठे थे।अब चुनाव बीत गये हैं। संभव है सरकार कुछ ठोस कार्रवाई करे। संभव है न्यायालय का हस्तक्षेप कुछ काम आये। संभव है 'शाहीन बागों' की विवशताओं को समझने की कोई सकारात्मक कोशिश हो।

# शिक्षा ही बना सकती है चरित्रवान

लक्ष्मीकांता चावला

भारतीय समाज को यह सवाल व्यथित कर रहा है कि युवा पीढ़ी क्यों नशे और अपराध की दलदल में धंस रही है। क्यों यौन अपराधों में युवाओं की भूमिका बढ़ रही है।? इस पर भाषणबाजी तो पूरे देश में हो जाती है, कभी-कभी मीडिया की सुर्खियां बनने पर किसी घटना के खिलाफ दिल्ली तथा अन्य शहरों में भी मोमबत्तियां जलाकर प्रदर्शन करते युवा नजर आते हैं। निस्संदेह इस विरोध के जरिये वे अपना दुःख व्यक्त करते हैं। इसके जरिये वे सत्ताधीशों तक अपनी आवाज पहुंचाते हैं। प्रश्न उनसे है जो हमें दिन-रात उपदेश देते हैं। निस्संदेह हमारा समाज वह रास्ता भी चाहता है, जिस पर चलकर हमारी बेटियां सुरक्षित रहें। अत्यंत दुख का विषय तो यह है कि घरों की चारदीवारी में भी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।

आस्था व स्वर्ग के तर्कों के बीच इसका रास्ता एक ही है, अच्छे इनसान बनो, दूसरों के काम आओ, मेहनत से कमाओ और बांट कर खाओ। यही तो भवसागर से पार होने का रास्ता ऋषि-मुनियों ने बताया है, लेकिन इस संसार में सुरक्षित जीने का रास्ता बहुत कठिन है। जरूरत इस बात की है कि हम पहले धरती की चिंता करें। ऐसे समाज का गठन करें, जिसमें बेटियां घर से स्कूल-कॉलेज और दफ्तरों तक तो सुरक्षित पहुंच सकें। हमारे बेटे कामुक न बनें। समाज में नशा व अन्य अपराध न फैले। उनके समक्ष उन महापुरुषों का आदर्श रखें जो हमारे प्रेरणा के स्रोत हैं। पिछले एक वर्ष में लगभग तीस स्कूलों के विद्यार्थियों से संवाद हुआ। बहुत दुख होता है तब जब उन्हें पता नहीं होता कि जलियांवाला बाग में क्यों निर्दोष भारतीयों का नरसंहार हुआ और किसने किया था। अमृतसर के बच्चों के लिए शहीद मदनलाल ढींगरा और शहीद ऊधम सिंह अपरिचित जैसे हैं। निस्संदेह भटक रहे बच्चों से ज्यादा दोषी वे हैं जो अपनी नई पीढ़ी को सही रास्ता नहीं दिखाते। शिक्षा शास्त्री भी इस दोष से बच नहीं सकते। आज महंगे स्कूलों और मैकॉले का अनुसरण करने वाली शिक्षा पद्धति से वह शिक्षा का ढंग ज्यादा अच्छा था, जो रास्ता स्वामी दयानंद ने दिखाया और स्वामी श्रद्धानंद ने गुरुकुल पद्धति प्रारंभ की। हरिद्वार में आधुनिक युग की शैक्षिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एवं चरित्र निर्माण को ध्यान में रखकर प्रारंभ किया गया गुरुकुल अवश्य ही आधुनिक शिक्षा की कमी को पूरा करेगा। सरकारें जवाब दें कि किसकी कमी से हमारे देश के छोटे-छोटे बच्चे अपराधों की ओर बढ़ रहे हैं। किशोरावस्था में ही शराब, जुआ और हुक्के जैसे व्यसनों का शिकार होने वाले बच्चे और उसके बाद सामाजिक अपराध के रास्ते में जा रहे बच्चों का दोषी कौन है। शराब के कारण उजड़ते परिवार, हत्याएं, सड़क दुर्घटनाएं प्रतिदिन अनेक घर उजाड़ रही हैं। क्या सरकार को यह सुनाई-दिखाई नहीं देता कि एक 16 वर्षीय लड़का मां को इसलिए मार देता है क्योंकि मां ने शराब पीने के लिए उसे रुपये नहीं दिए। बच्चा जीवन भर के लिए सलाखों के पीछे। इसका दोषी भी तो हमारा तंत्र है, जिसको धन कमाने के लिए शराब बेचने के अलावा कोई आसान रास्ता नहीं मिलता। इसी सप्ताह पंजाब का एक परिवार उजड़ गया। शराबी पति ने पत्नी को मारा और नशा उतरने पर खुदकुशी कर ली। इसका समाधान अच्छी शिक्षा और शिक्षा के संपूर्ण आधुनिकीकरण के साथ भविष्य की चुनौतियों को संभालने वाली शिक्षा पद्धति लागू करने में है।

## सू- दोकू क्र.95

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र. 94 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | [illegible] | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# लघुकथा : स्वाबलंबी जीवन पथ

सोहन और सरिता की शादी हुई दोनों बहुत खुश थे और अपने जीवन को लेकर गंभीर भी।सरिता का मैके सोहन की अपेक्षा आर्थिक रूप से सुदृढ़ थी।जबकि सोहन एक साधारण परिवार से था और एक छोटी सी नौकरी करता था पर वह मेहनती था। कुछ समय पश्चात सोहन की नौकरी छुट गयी सोहन को परेशान देख उसकी पत्नी ने सोहन के जानकारी के वगैर अपने मैके से मदद मांग ली।इस बात की जानकारी जब सोहन को हुई तो उसे बहुत दुख हुआ और उसने पत्नी से केवल इतना ही कहा तुम्हें ऐसा नहीं



करना चाहिए। दोनो के बीच लंबी झडप उसी समय से आरम्भ हो गयी।दरअसल सोहन एक खुद्दार और स्वावलंबी इंसान था।इस बात को उसकी पत्नी कभी समझने की कोशिश नही कर पा रही थी।जिसके कारण दोनो की दूरियां बढ़ती गयी।इधर सोहन अपने परिश्रम से खुद का रोजगार लगा दिया था जिसके कारण वह घर पर समय नही दे पाता पर पत्नी कुछ और समझती और झंझट का सिलसिला बढता ही जा रहा था। आखिर कार वही हुआ जो झंझट के बाद अक्सर होता है दोनों का तालाक।सोहन आज पैसे वाला है पर अकेला?उसकी पत्नी पैसे के साथ है लेकिन अकेली? गलती उन माँ बाप की जिसने दामाद के पूछे वगैर उनके घरेलू जीवन में मदद देकर गलती की और दोनों के जीवन को अकेली कोठरी मे कैद कर दिया।

**आशुतोष**
**पटना बिहार**

## झरना

झरना कितना मोहक
प्रकृति की पूरक
धरती लगे प्यारी
मानव इसके सम्मोहक।

ऊँचे नीचे चोटियाँ
धाटी में अठखेलियाँ
कल कल बहती झरनो की
पानी की मसकरियाँ।
मंत्र मुग्ध कर जाता
जो देखता ठहर जाता
सुन्दरता की अदभूत मिशाल
देखते ही उसी में खो जाता।
प्यारी प्यारी प्रकृति हमारी
जल ही जीवन रक्षक है
कल कल करते झरनो पर
संगीत कितनी सम्मोहक है।

**आशुतोष**
**पटना**

साप्ताहिक समाचार पत्र
पुष्पांजली टुडे



# गर्मियों से पहले करें पानी की समस्या का निदान: विधायक पाठक

## दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक



**ग्वालियर।** दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में अमृत का कार्य होने के बाद पानी और सीवर की समस्या नही रहना चाहिए। गर्मी का मौसम चालू होने से पहले जहां पानी की समस्या है उन जगहों का क्षेत्र में भ्रमण करके चिन्हित कर समस्या का तुरंत निराकरण करायें। गर्मियों में दक्षिण विधानसभा का एक भी नागरिक पानी के लिए परेशान नही होना चाहिए। उक्ताशय के निर्देश ग्वालियर दक्षिण विभानसभा के विधायक श्री प्रवीण पाठक ने आज निगम मुख्यालय में दक्षिण विधानसभा में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में निगम अधिकारियों को दिये।

निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में विधायक श्री प्रवीण पाठक ने पिछली बैठक के ऐजेंडे के जो कार्य होने थे उन कार्यों की समीक्षा की तथा प्रत्येक कार्य की प्रोग्रेस रिर्पोट जानी। विधायक श्री पाठक ने अधिकारियों से पूछा कि पिछली बैठक में 11 स्पॉट तय किये थे जिन पर अमृत योजना के तहत कार्य कराये जा रहे थे, उनका कितना कार्य हुआ है और कितना शेष बचा है तथा यातायात में बाधक बन रहे पोलों को हटाया क्यों नही गया है। साथ ही रेस्टोरेशन का कार्य धीमी गति से क्यों किया जा रहा है। जिस पर निगम अधिकारियों ने बिंदुवार चर्चा करते हुए विधायक श्री प्रवीण पाठक को कार्यों के बारे में जानकारी दी। विधायक श्री पाठक ने कहा कि अमृत योजना के तहत सीवर और पानी का काम आप 100 मीटर लाइन डालने के बाद पहले उसका रेस्टोरेशन करोगे फिर आगे की लाइन डालोगे। आने वाले समय में नगर निगम के चुनाव आने वाले हैं, विधानसभा में किसी भी कार्य की पेंडेंसी बर्दास्त नहीं की जायेगी। विधायक श्री पाठक ने कहा कि दक्षिण विधानसभा में अमृत के तहत किये जा रहे कार्यों का प्रतिदिन रिव्यू होगा तथा आपको प्रतिदिन बताना होगा कि आज कितना काम हुआ है एवं कितना शेष बचा है। विधायक श्री पाठक ने अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अमृत का कार्य 2017 में चालू हुआ था परंतु समय सीमा मे कोई भी कार्य पूर्ण नही हुआ है। जिससे आमजनों को काफी समस्या का सामना करना पड रहा है। इसके साथ ही विधायक श्री पाठक ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विकास कार्यों को समय पर पूर्ण करें। जहां आपको काम करने में परेशानी आ रही है मुझे अवगत करायें तथा जो भी अधिकारी जो जिम्मेदारी ले उसे गम्भीरता से पूरा करें। यदि कोई कर्मचारी कार्य में लापरवाही या लेट करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। अधिकारियों ने समाधिया कॉलोनी में डीएमए मिलान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कल हम डीएमए का मिलान करके देखेगें कि कहीं लीकेज तो नहीं तथा सभी घरों में पानी पहुंच रहा है कि नहीं। इस पर विधायक श्री पाठक ने कहा कि कल प्रभारी मंत्री शहर में है अगर उनके सामने हम डीएमए मिलान का ट्रायल लेगें तो बहुत अच्छा रहेगा।



# तिघरा प्लांट पर संधारण कार्य के चलते वार्ड 52 की पानी की टंकिया रहेगीं प्रभावित

**ग्वालियर।** सहायक यंत्री तिघरा श्री केसी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अधीक्षण यंत्री के निर्देशानुसार आगामी ग्रीष्म काल में पीले पानी की समस्या के निदान के लिए तिघरा प्लांट पर आवश्यक संधारण कार्य किया जा रहा है। इसके चलते आज गुरूवार को सुबह 10 से 7 बजे तक तिघरा प्लांट को शटडाउन किया गया हैं। जिससे वार्ड 52 के क्षेत्र कंकाली माता टंकी प्रभावित रहेगीं। तिघरा प्लांट पर शटडाउन के दौरान क्लीयर वाटर टैंक एवं ऐरियेटर यूनिट में टाईल्स रिपेयरिंग एवं मोटर पम्प संधारण कार्य कराया जायेगा। श्री अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि तिघरा जल शोधन संयत्र के क्लीयर वाटर टैंक के दोनो पार्टो एवं मैन चैनल की सफाई/डी सिटिंग का कार्य कराया गया, पम्प हाउस पर मोटर पम्पों का संधारण एवं साफ सफाई का कार्य कराया गया एवं ऐरियेटर यूनिट में आवश्यक संधारण एवं टाईल्स रिपेयरिंग का कार्य कराया गया है। उपरोक्त कार्य कराये जाने से आगामी ग्रीष्म काल में पीले पानी की समस्या से निजात पाई जा सकेगी।

# उपायुक्त स्वास्थ्य चौहान ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



**ग्वालियर** शहर में साफ सफाई व्यवस्था के लिए निगम अधिकारियों द्वारा नियमित रुप से भ्रमण किया जा रहा है। जिसके तहत आज दिनांक 13.02.2020 को सुबह 7:30 बजे उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चैहान क्षेत्र का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा सफाई कर्मियों को निर्देशित किया कि जिस प्रकार आपने स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दिया था उसी प्रकार हमें वर्ष भर कार्य करना है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त स्वास्थ्य श्री चैहान द्वारा पड़ाव चैराहा से हजीरा, बिरला नगर होते हुए गोले का मंदिर ,दीनदयाल नगर गेट नंबर 1 एवं पिंटू पार्क चैराहे से सूर्य मंदिर चैराहा इंद्रमणि नगर मेला ग्राउंड के पीछे का रोड सूर्य नमस्कार चैराहा सिटी सेंटर आदि मुख्य मार्गों का निरीक्षण किया निरीक्षण में विभिन्न स्थानों पर गंदगी आदि पाए जाने पर संबंधित डब्ल्यूएचओ को तत्काल सफाई कराए जाने के निर्देश दिए गए एवं मुख्य मार्गो के किनारे ग्रीन एरिया में से प्लास्टिक पोलीथिन साफ कराये जाने के भी निर्देश दिए गए । साथ ही मुख्य मार्ग पर पोस्टर बैनर लगे पाये जाने पर मदाखलत विभाग को पोस्टर बैनर हटाये जाने के निर्देश भी दिये गये।

# मार्कशीट में सुधार के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा

**ग्वालियर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की बोर्ड परीक्षा की मार्कशीट में संशोधन या सुधार कराने के लिए विद्यार्थियों या उनके अभिभावकों को अब राजधानी भोपाल के चक्कर नहीं लगाना होंगे। बोर्ड परीक्षा की मार्कशीट में नाम, जन्म तारीख, मीडियम या अन्य कोई सुधार के लिए छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यहीं पर समन्वय संस्था में दस्तावेज जमा करना होंगे। दरअसल, अभी तक सबसे ज्यादा परेशानी यह थी कि छात्र-छात्राएं आवेदन तो ऑनलाइन कर देते थे, लेकिन उन्हें दस्तावेज लेकर भोपाल बोर्ड ऑफिस जाना पड़ता था। इन सभी परेशानियों से विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बचाने के लिए बोर्ड ने नया ओदश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि जिले की समन्वय संस्था द्वारा परीक्षा के दौरान ऑनलाइन आवेदन की हार्डकॉपी जमा करवाने से लेकर रोल नंबर, परीक्षा के पेपर, कॉपियों का वितरण किया जाता है।

# कलेक्ट्रेट की कैन्टीन का संचालन अब स्व-सहायता समूह की महिलायें करेंगीं



**ग्वालियर।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थित कैन्टीन का संचालन अब स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों द्वारा किया जायेगा। इस संबंध में स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों को कैन्टीन की चाबियां भी सौंपी गई।

कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी की पहल पर कलेक्ट्रेट कार्यालय ग्वालियर में स्थित कैन्टीन का संचालन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा विकासखण्ड डबरा के ग्राम लखनौती के माँ वैष्णो आजीविका स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों द्वारा किया जायेगा। कलेक्टर की इस अभिनव पहल से महिला सशक्तिकरण के साथ महिलाओं को रोजगार भी प्राप्त होगा। स्व-सहायता समूह द्वारा कैन्टीन संचालन हेतु सभी शासकीय प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत माँ वैष्णो आजीविका स्व-सहायता समूह का चयन कर जिला परियोजना प्रबंधक श्री दिनेश कुमार शर्मा एवं जिला प्रबंधक न्यायमूर्ति श्री पुरोहित द्वारा कैन्टीन संचालन हेतु स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों को चाबियां प्रदाय की। समूह की महिला सदस्यों को निर्देश दिए कि कैन्टीन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के साथ स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त कैन्टीन का संचालन हो। कैन्टीन संचालन के संबंध में स्व-सहायता समूह की सदस्यों ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्मा से आग्रह किया था कि उन्हें कैन्टीन संचालन हेतु अवसर दिए जाएं। इसी आधार पर स्व-सहायता समूह को कैन्टीन देने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर जिला प्रबंधक सूक्ष्म उद्यमिता एवं सूचना संचार श्री दिनेश सिंह तोमर, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला स्तरीय अधिकारीगण श्री राजेश उपाध्याय, श्री अमित खरे, श्रीमती जसविंदर कौर, श्री विनोद कुमावत, श्री शैलेन्द्र त्रिपाठी एवं विकासखण्ड प्रबंधक श्री नारायण सिंह कुशवाह उपस्थित थे।

# शहरों में विकास की रूपरेखा तैयार करने के लिए शहरवासी दें अपना फीडबैक

## इज ऑफ लिविंग सर्वे में स्मार्ट सिटी कर रही है शहर के नागरिकों को जागरूक




**ग्वालियर।** केंद्र सरकार द्वारा देशभर में रहने लायक शहरों (इज ऑफ लिविंग) के लिए कराए जा रहे इंडेक्स सर्वे में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट सिटी की टीम सक्रिय हो गई है। उनके द्वारा शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर लोगों को जागरूक करने के अलावा होर्डिंग, बैनर-पोस्टर लगवाए जा रहे हैं। लोगों को इनके जरिए सर्वे के बारे में जानकारी दी जा रही है।

सीईओ स्मार्ट सिटी श्री महीप तेजस्वी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहरों में नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं के आकलन व भविष्य के लिए कार्य योजना तैयार करने के उद्देश्य से केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देशभर में इज आफ लिविंग इंडेक्स सर्वे कराया जा रहा है। एक फरवरी से सर्वे प्रारंभ हो चुका है और 29 फरवरी तक चलेगा। इसमें नागरिक अपना फीडबैक भी दे सकते हैं। इसके लिए ग्वालियर स्मार्ट सिटी की टीम प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। चैक-चैराहों, स्कूल कॉलेज परिसर, आवासीय परिसर, बसस्टैंड, उद्यान समेत सभी सार्वजनिक स्थानों पर जाकर लोगों को सर्वे में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावा आटो-टैक्सी तथा सोशल मीडिया के जरिए भी नागरिकों को फीडबैक देने के लिए अपील की जा रही है। भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देश पर शुरू हुए इस सर्वेक्षण का उद्देश्य यह है कि जरूरत के अनुरूप सरकार शहरों में संस्थागत, आर्थिक और सामाजिक विकास की रूपरेखा तय कर सके। शहर के लोगों के फीडबैक के आधार पर उस शहर की वर्तमान स्थिति का आकलन किया जाये। जिन क्षेत्रों में बदलाव की ज्यादा जरूरत है, वहां फोकस किया जाये। सर्वे में दैनिक जीवन से जुड़े पहलुओं पर आधारित कुल 24 सवाल लोगों से पूछे जा रहे हैं। सीईओ स्मार्ट सिटी श्री महीप तेजस्वी नें जानकारी देते हुये बताया कि केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय की ओर से यह सर्वे कराया जा रहा है। शहरवासियों से अपील है कि वे बढ़चढ़ कर इस सर्वे में हिस्सा लें और अपनी राय दें। सरकार के पास जितना ज्यादा फीडबैक पहुंचेगा, उसी के आधार पर शहर की रैंकिंग भी तय होगी और भविष्य में उसी के आधार पर शहर के लिए योजनाएं बनाई जाएंगी।

# बोर्ड पैटर्न पर होगी कक्षा पांचवी और आठवी की वार्षिक परीक्षा

**ग्वालियर।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार इस वर्ष कक्षा पांचवी एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की जाएगी तथा परीक्षा में बच्चों का डिटेंशन भी किया जाएगा। वार्षिक परीक्षा के पहले बच्चों की प्री वार्षिक परीक्षा लेने के संबंध में सभी जिला परियोजना समन्वयकों को निर्देश दिए गए हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्री वार्षिक परीक्षा माह फरवरी 2020 के प्रथम सप्ताह में शाला स्तर पर ही आयोजित की जाएगी। कक्षा पांचवी एवं आठवीं के लिए प्री वार्षिक परीक्षा समस्त विषयों की आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा के लिए मुख्य विषयों के प्रश्न पत्र राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा तैयार कराए जाएंगे तथा शेष अन्य अल्पभाषा, संगीत विषय के अतिरिक्त अंग्रेजी माध्यम एवं मराठी माध्यम के प्रश्न पत्र शाला स्तर से ब्लूप्रिंट अनुसार तैयार कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# आदित्यपुरम में 25 लाख की लागत से बनने जा रही सी.सी. रोड का विधायक ने किया भूमिपूजन



**ग्वालियर।** आज वार्ड 28 के अंतर्गत आदित्यपुरम में 25 लाख की लागत से बनने जा रही सी.सी रोड का विधिवत पूजा अर्चना कर विधायक गोयल द्वारा भूमिपूजन किया गया ।

सी.सी. रोड भूमिपूजन कार्यक्रम के इस अवसर पर विधायक मुन्नालाल गोयल ने कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्र के रहवासियों कों संबोधित करते हुए कहा कि पिछले काफी समय से आदित्यपुरम के क्षेत्रवासियों द्वारा सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी । यहां अभी तक सड़क निर्माण हुआ ही नहीं था । लोगों को आवागमन में बहुत असुविधा हो रही थी । बारिश का पानी भर जाने के बाद अगले एक माह तक तालाब जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही थी । अब इस सी.सी रोड के बन जाने के बाद क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा होगी । उन्होंने कहा कि मेरा रिश्ता क्षेत्र की जनता से केवल वोटों का ही नहीं बल्कि क्षेत्र की प्रगति एवं विकास का रिश्ता है । इस कार्य में जनअपेक्षा के अनुरूप काम करना मेरा मकसद है । सी.सी रोड भूमिपूजन कार्यक्रम के इस अवसर पर प्रमुख रूप से सर्वश्री दिनेश शर्मा, बबलू तोमर, इस्लाम खां, हरिसिंह यादव, जोगेन्द्र यादव, गौरव तिवारी, वेदप्रकाश शुक्ला, गिर्राज शर्मा, श्रीमती मंजू झा, दौलत खां, कमल पाल सहित सैंकड़ों क्षेत्रवासीगण उपस्थित थे ।

# वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए जिले में धारा-144 लागू

**जुलूस, आमसभा, रैली, धरना, प्रदर्शन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा**

**ग्वालियर ।** जिले में हाईस्कूल, हायर सेकेण्ड्री, सीबीएसई आदि की वार्षिक परीक्षाओं एवं लोकहित में जिला मजिस्ट्रेट जिला ग्वालियर श्री अनुराग चौधरी ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत आगामी आदेश तक ग्वालियर जिला सीमा अंतर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थल पर बिना किसी पूर्व अनुमति के किसी भी प्रकार के जुलूस, मौन जुलूस, सभा, आमसभा, रैली, धरना, प्रदर्शन आदि करने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश पुलिस अधीक्षक जिला ग्वालियर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जारी किया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट श्री अनुराग चौधरी द्वारा जारी दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत किसी भी प्रकार के कटाउट, बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स, होर्डिंग, झण्डे आदि जिन पर किसी भी धर्म, व्यक्ति, संप्रदाय, जाति या समुदाय के विरूद्ध नारे या अन्य भडकाऊ भाषा का इस्तेमाल किया गया हो या प्रकाशन का निजी एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी निजी अथवा सार्वजनिक भवन एवं सम्पत्ति पर आपत्तिजनक भाषा अथवा भडकाऊ नारे लिखना भी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले की सीमा के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के नहीं करेगा। जिला सीमा अंतर्गत कोई भी व्यक्ति किसी भी वर्ग, धर्म एवं संप्रदाय विशेष संबंधी भडकाऊ पोस्ट सोशल मीडिया, फेसबुक, वॉट्सएप, ट्विटर आदि के माध्यम से फारवर्ड नहीं करेगा।

# प्रायवेट स्कूलों को मान्यता के लिये आवेदन की तिथि 17 फरवरी

**ग्वालियर।** प्रदेश में संचालित प्रायवेट स्कूलों को शिक्षा का अधिकार कानून के अंतर्गत नवीन मान्यता अथवा मान्यता नवीनीकरण के लिए मोबाईल एप से आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 फरवरी कर दी गयी है। प्रायवेट स्कूलों की नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण की संशोधित समय सारणी के अनुसार प्रायवेट स्कूल, नवीन मान्यता अथवा जिन स्कूलों की पूर्व मान्यता शीघ्र समाप्त हो रही है, वे मान्यता नवीनीकरण के लिए मोबाईल एप से 17 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। संबंधित विकासखंड स्त्रोत केन्द्र समन्वयकों द्वारा 03 मार्च तक स्कूलों का भौतिक सत्यापन कर ऑनलाईन निरीक्षण रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित की जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्राप्त मान्यता आवेदनों का 30 मार्च तक निराकरण किया जायेगा। अशासकीय विद्यालयों की मान्यता के लिये मोबाईल एप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने की व्यवस्था सत्र 2020-21 से प्रारंभ की गई है।

# एलएनआईपीई और चेन्नई पुलिस की टीमों के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

## 11वीं अखिल भारतीय राजमाता विजय राजे सिंधिया फुटबॉल प्रतियोगिता



**ग्वालियर।** गनवा के एक गोल की बदौलत चेन्नई पुलिस की टीम ने रब्बानी फुटबॉल क्लब नागपुर को सेमीफाइनल मुकाबले में हराकर 11वीं अखिल भारतीय सिंधिया फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया ।

नगर निगम की मेजवानी में एल एन आई पी ई के मैदान पर खेली जा रही प्रतियोगिता में आज पहला सेमीफाइनल मुकाबला चेन्नई पुलिस एवं रब्बानी फुटबॉल क्लब नागपुर की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें मैच के शुरुआती 7 मिनट में अजमीर ने गोल कर टीम में खुशी की लहर ला दी। एक गोल से पिछड़ने के बाद रब्बानी फुटबॉल क्लब नागपुर की टीम में और तेजी दिखी जिसके फलस्वरूप जर्सी नंबर 10 पहनकर खेल रहे खिलाड़ी सौरभ ने गोल किया । एक-एक की बराबरी पर मैच काफी संघर्षपूर्ण हो गया । तभी मैच के अंतिम क्षणों में एक मौका चेन्नई पुलिस के गनवा को मिला 79 मिनट मे गोल कर टीम को फाइनल में जगह दिलाई।

दिन का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला एल एन आई पी ई ग्वालियर एवं आदिवासी फुटबॉल क्लब इंदौर के बीच खेला गया जिसमें ग्वालियर ने 4-0 से मेहमान टीम इन्दौर को हराकर फायनल में दावेदारी पेश की। ग्वालियर की तरफ से मैच प्रारंभ के 2 मिनट बाद ही मोहन ने गोल किया वही साथी खिलाड़ी अर्जुन ने 11 वे 60 मिनट एवं अनिकेत ने 69 मिनट में गोल किए । वहीं विपक्षी टीम आदिवासी फुटबॉल क्लब इंदौर की तरफ से एक भी गोल न कर सके।

समापन एवं पुरस्कार वितरण नगर निगम के नोडल खेल अधिकारी श्री वीके त्यागी ने बताया कि ग्यारहवीं अखिल भारतीय सिंधिया फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एल एन आई पी ग्वालियर और चेन्नई पुलिस के बीच 1:00 बजे से खेला जाएगा। प्रतियोगिता का समापन और पुरस्कार वितरण 2:30 बजे श्री प्रशांत मेहता पूर्व आईएएस के मुख्य आतिथ्य में वितरण होगा । वही कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक श्री मुन्नालाल गोयल करेंगे । इस अवसर पर ग्वालियर फुटबॉल संघ के सचिव श्री शिववीर सिंह भदोरिया ने अधिक से अधिक खेल प्रेमियों से उपस्थित रहने की अपील की है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कालोनी भिण्ड रोड गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/MPHIN31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर ( म.प्र. ) से प्रकाशित। सम्पादक-भरत सिंह चौहान। E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333- मोबा.8269307478,